


नवभारत

भोपाल, सोमवार 11 मई, 2026


### एक नजर में

## लापता नाबालिग बालिका सुरक्षित बरामद

**गुना।** गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन में जिले में नाबालिगों की गुमशुदगी के मामलों पर अत्यंत संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जामनेर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है।

घटनाक्रम के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को एक महिला ने जामनेर थाने में सूचना दी थी कि उसकी पुत्री 3 अप्रैल से लापता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया और किशोरी की तलाश शुरू कर दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और एसडीओपी जमीलउद्दीन सिद्दकी के मार्गदर्शन में जामनेर थाना प्रभारी मनोज मेहरा ने विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ-साथ तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया और संकलित सूचनाओं के आधार पर संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी। पुलिस के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप बालिका के संबंध में सटीक जानकारी मिली, जिसके बाद उसे सुरक्षित बरामद कर लिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत 9 मई 2026 को बालिका को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां समिति की अध्यक्षा डॉ. नीरू शर्मा और सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर उसे परिजनों के हवाले किया गया। इस सफल अभियान में उपनिरीक्षक हेमेन्द्र सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक प्रवेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# किसानों से बोले मुख्यमंत्री मोहन यादव, जमीन मत बेचना

## सीएम मोहन यादव और सिंधिया ने किया 1100 करोड़ की अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास

नवभारत न्यूज

**गुना 10 मई का। गुना जिले के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने की दिशा में रविवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना के मावन में बनने जा रही अडाणी ग्रुप की 'अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री' का भव्य शिलान्यास किया। गुना के दशहरा मैदान पर आयोजित इस गौरवशाली कार्यक्रम में अडाणी ग्रुप के डायरेक्टर प्रणव अडाणी विशेष रूप से उपस्थित रहे।**






कार्यक्रम की शुरूआत से पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री हवाई अड्डे से दशहरा मैदान तक एक खुली जीप में सवार होकर पहुंचे। रास्ते भर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। आलम यह था कि स्वागत के उत्साह के कारण दोनों नेता निर्धारित समय से करीब दो घंटे की देरी से मंच पर पहुंचे। सीएम गुनावासियों के प्रेम से इतने गदगद नजर आए कि उन्होंने इसकी तुलना होली-दीवाली के त्योहार से कर दी। मुख्यमंत्री ने केवल सीमेंट फैक्ट्री ही नहीं, बल्कि गुना को विकास की कई अन्य सौगातें भी दीं। इसके तहत 1059 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस फैक्ट्री से करीब डेढ़ हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। 130 करोड़ की लागत के 144 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। नमामि गंगे योजना के तहत गुनिया नदी के जीर्णोद्धार के लिए 80 करोड़ 22 लाख के प्रस्ताव को हरी झंडी दी। भुजरिया तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये और पार्वती नदी पर नए ब्रिज निर्माण की घोषणा की गई। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अतीत को याद करते हुए कहा कि एक दौर था जब इस चंबल-ग्वालियर क्षेत्र में केवल गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, लेकिन अब यहाँ विकास की गूंज है। सिंचाई, बिजली और सड़क की सुविधाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि विकास के लिए ली जाने वाली जमीन का बाजार से चार गुना दाम दिया जाएगा, साथ ही किसानों को सलाह दी कि वे अपनी जमीन न बेचें क्योंकि गुना का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा विधायक प्रियंका मीना, मुंगावली विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, कोलारस विधायक महेन्द्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द्र धाकड़, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, राजेन्द्र सिंह सलूजा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री, आईजी अरविन्द्र सक्सेना, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### प्रणव अडाणी ने किया डेढ़ हजार लोगों को रोजगार का वादा

इस मौके पर अडाणी ग्रुप के डायरेक्टर प्रणव अडाणी ने मध्य प्रदेश के विकास के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की जीडीपी का 15 लाख करोड़ के पार जाना प्रदेश की मजबूत आर्थिक स्थिति का प्रमाण है। प्रणव अडाणी ने विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से यह प्रोजेक्ट कागजों से निकलकर इतनी जल्दी जमीन पर उतर सका। अडाणी ने रेखांकित किया कि 1,060 करोड़ रुपये का यह निवेश गुना जिले के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है, जिससे लगभग 1,500 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रणव ने ग्रुप के विजन को साझा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल व्यापार करना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। उन्होंने याद दिलाया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में चेयरमैन गौतम अडाणी ने मध्य प्रदेश के लिए 1,10,000 करोड़ रुपये के निवेश का जो संकल्प लिया था, यह प्रोजेक्ट उसी वादे को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस प्लांट के शुरू होने से न केवल सरकारी खजाने में 6,000 करोड़ रुपये का योगदान मिलेगा।

### पन्नालाल शाक्य की दो टूक-गुनावासियों को ही मिले रोजगार

कार्यक्रम के दौरान विधायक पन्नालाल शाक्य ने अडाणी ग्रुप के प्रतिनिधियों के सामने यह मांग रखी कि फैक्ट्री में गुना के स्थानीय युवाओं को ही प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए, ताकि क्षेत्र का वास्तविक विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने टेकरी सरकार के जयकारे के साथ अपना संबोधन शुरू किया और सिंधिया को 'श्रीमान' कहकर संबोधित किया। वहीं सिंधिया ने भी जनता से आह्वान किया कि मुख्यमंत्री का स्वागत उज्जैन से भी पांच गुना ज्यादा उत्साह के साथ होना चाहिए। इस कार्यक्रम ने गुना के औद्योगिक विकास के एक नए अध्याय की नींव रख दी है।



## सविता अरविंद गुप्ता ने किया मुख्यमंत्री और सिंधिया का आत्मीय स्वागत

**गुना।** जिले के ग्राम मावन में अडानी समूह की सीमेंट फैक्ट्री के ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह के अवसर पर गुना आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया, अडाणी ग्रुप के प्रणव अडाणी सहित अन्य अतिथियों का नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैंट रोड पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता एवं भाजपा नेता अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री और श्रीमंत सिंधिया के भव्य रोड शो का पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों ने अपने जनप्रिय नेताओं का अभिनंदन किया। रोड शो के पश्चात दशहरा मैदान स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर नपाध्यक्ष ने मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर विधिवत स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष गुना शहर के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक मांगों का मांग पत्र रखा।

उन्होंने शहर की आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयासों से गुना में उद्योग की शुरुआत हो चुकी है, जो स्थानीय रोजगार के द्वार खोलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सिंधिया बोले, 4 साल से चर्चा चल रही थी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि डॉ. मोहन यादव ने 'रेड टैप' (लालफीताशाही) को हटाकर निवेशकों के लिए 'रेड कारपेट' बिछा दिया है। सिंधिया ने खुलासा किया कि इस प्रोजेक्ट के लिए गौतम अडाणी से उनकी 4 साल से चर्चा चल रही थी। उन्होंने कहा, मैंने अडाणी जी से कहा था कि यदि देश का दिल देखना है तो गुना-शिवपुरी आएं। यहाँ कुल 3,500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है और 40 लाख टन क्षमता वाला प्लांट लगेगा।

## डाक विभाग के आधार शिविर में 586 नागरिक लाभान्वित

**गुना।** गुना डाक संभाग द्वारा शहर के अलग-अलग संस्थाओं में दो दिवसीय विशेष आधार शिविर का समापन हो गया है। इन शिविरों में गुना और अशोकनगर जिले के 586 नागरिकों ने नामांकन एवं सुधार सुविधाओं का लाभ उठाया है। गुना डाकघर के अधीक्षक ओपी चतुर्वेदी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला न्यायालय गुना में आयोजित शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र सहित अन्य न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और आधार सेवाओं का लाभ लिया। इसके अलावा केमिस्ट भवन में आयोजित शिविर में केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रद्युम्न जैन, सचिव राकेश शर्मा और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी ने भी सहभागिता की। शिविर के माध्यम से डाक विभाग की विभिन्न बचत योजनाओं और लोकप्रिय डाक जीवन बीमा से भी परिचित कराया गया। डाक विभाग ने समाज सेवी संस्थाओं से अपील की है कि जनहित में आधार शिविर आयोजित करने के लिए वे डाकघर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। गुना और अशोकनगर में आम दिनों में भी सुबह 8 से शाम 6 बजे तक आधार संबंधी कार्य निरंतर जारी रहेगा।



## सुरुचि क्लब ने पशु-पक्षियों के लिए जुटाया दाना-पानी

**गुना। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए बेजुबान पशु-पक्षियों की सहायता के लिए सुरुचि क्लब द्वारा अपनी सत्कर्म श्रृंखला के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पशु-पक्षियों के लिए दाना और पानी उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य किया जा रहा है।**

इसी कड़ी में, क्लब की सदस्यों ने समाजसेवी हरिओम रघुवंशी को सेवा कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की। रघुवंशी लंबे समय से अलग-अलग स्थानों पर पशु-पक्षियों के आहार और जल की व्यवस्था कर रहे हैं। क्लब की ओर से उन्हें पक्षियों की प्यास बुझाने 40 सकोरे, गायों के लिए 4 पानी की टंकियां और भारी मात्रा में अनाज सौंपा गया है। इसके अलावा क्लब द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में गायों और डॉग्स के लिए पीने के पानी की टंकियां भी रखवाई गई हैं। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष नीलम मंगल, सचिव निशी अग्रवाल सहित बबीता अग्रवाल, अल्का मित्तल, रचना अग्रवाल, कविता अग्रवाल, नीता तिवारी, अंजना अग्रवाल और अंजना गर्ग का सक्रिय योगदान रहा। सुरुचि क्लब ने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी अपने घरों की छतों, बालकनी या बाहर खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधें और पशुओं के लिए पानी का इंतजाम करें। आपका एक छोटा सा प्रयास किसी बेजुबान की जान बचा सकता है।



## हाउस लिस्टिंग कार्य में जिले ने प्राप्त किया दूसरा स्थान, लक्ष्य किया पूरा

नवभारत न्यूज

**कुंभराज। नगर परिषद ने जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण और हाउस लिस्टिंग कार्य में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और एसडीएम रवि कुमार मालवीय के मार्गदर्शन में परिषद ने अपना लक्ष्य समय सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण किया है।**



नगर परिषद क्षेत्र के लिए कुल 34 एचएलबी निर्धारित किए गए थे। परिषद की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सभी 34 ब्लॉकों का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। वर्तमान में कोई भी कार्य शेष नहीं है, जिसके चलते परिषद का कार्य पूर्णता प्रतिशत 100 दर्ज किया गया है। इस शानदार प्रदर्शन पर कलेक्टर और एसडीएम ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम की सराहना की है। इस महत्वपूर्ण कार्य का नेतृत्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी और चार्ज जनगणना अधिकारी अशोक कुमार पटेल द्वारा किया गया। उनके निरंतर पर्यवेक्षण और टीम भावना के चलते प्रगणकों और सुपरवाइजरों ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कार्य को गति देने में सुपरवाइजर कल्याण प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार शिवहरे, रवि कुमार यादव, नरेश कुमार मीना, इस्ताक खान और राजदीप साहू का विशेष योगदान रहा। जनगणना लिपिक सिद्धार्थ जैन ने समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं तकनीकी सहायक के रूप में सविता केवट का सहयोग सराहनीय रहा। इस सफलता में नगर परिषद की प्रशिक्षणकर्ता टीम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और समस्त मैदानी कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण शामिल है। कुंभराज नगर परिषद की इस उपलब्धि ने जिले के अन्य निकायों के लिए भी एक मिसाल पेश की है।

## पानीपत गैंग का टेरर खत्म, सरगना विशाल का निकाला जुलूस




नवभारत न्यूज

**गुना।** आरोन पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय पानीपत गैंग के सरगना विशाल राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का शहर में जुलूस निकाला, जिससे अपराधियों में खौफ और आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास का संदेश गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नगर में किसी भी तरह की गैंग या अवैध गतिविधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा। आरोन टीआई रविंद्र सिंह सिकरवार ने दावा किया है कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि विशाल राजपूत एक चोरी की मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर जब पुलिस ने घेराबंदी की, तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद पुलिस बल ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब और एक देसी कट्टा बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी विशाल राजपूत आदतन अपराधी है और उस पर पहले से ही अलग-अलग थानों में 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोन पुलिस ने अपराधियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि शहर की शांति भंग करने वालों और गैंग चलाने वालों का यही अंजाम होगा। क्षेत्र में अवैध शराब, हथियार और चोरी की वारदातों पर लगाम कसने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## शराब के नशे में युवक ने खाया सल्फास, मौत

**गुना।** बजरंगगढ़ स्थित मोंगिया कॉलोनी में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में सल्फास खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पत्नी नर्वदी बाई ने बताया कि शनिवार, 9 मई की शाम लगभग 6 बजे मुसाफ शराब के नशे में घर पहुंचा था। उसके हाथ में सल्फास की गोलियां थीं, जिन्हें वह खाने की कोशिश कर रहा था। पत्नी ने उसे रोकने के लिए काफी संघर्ष किया और काफी देर तक उनके बीच विवाद भी होता रहा। इसी बीच, जैसे ही पत्नी कुछ देर के लिए मुसाफ से दूर गई उसने तुरंत सल्फास का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

**सफलता** | पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर की बरामदगी

# जय स्तंभ चौराहे पर ऑटो में रह गया था कीमती बैग

नवभारत न्यूज

**गुना।** पुलिस की संवेदनशीलता और तकनीक के सटीक समन्वय से एक महिला का गुम हुआ कीमती बैग महज कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ऑटो को ट्रेस कर महिला को उसके गहनों और कपड़ों सहित करीब 1.50 लाख रुपये का सामान सुरक्षित वापस दिलाया है। जानकारी के अनुसार, रविवार 10 मई 2026 को एक महिला ग्राम गढ़ा से ऑटो में सवार होकर गुना के जयस्तंभ चौराहा पहुंची थी। जल्दबाजी में उतरते समय वह अपना बैग ऑटो में ही भूल गई। बैग में कपड़ों के अलावा सोने की अंगूठी, चांदी की अंगूठी, एक जोड़ी पायल और बिछुड़ी जैसे कीमती जेवरात रखे हुए थे। कीमती सामान गुम होने से घबराई महिला तुरंत पुलिस सीसीटीवी कंट्रोल रूम पहुंची और प्रभारी निरीक्षक विकास उपाध्याय को घटना की जानकारी दी। महिला की सूचना पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे सांत्वना दी और तुरंत जांच शुरू की। निरीक्षक विकास उपाध्याय के निर्देशन में पुलिस टीम ने जयस्तंभ चौराहा और संबंधित मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी सहायता और गहन छानबीन के बाद उस ऑटो को चिन्हित कर लिया गया, जिसमें महिला ने सफर किया था।




**पुलिस ने लौटाया सामान, महिला ने जताया आभार**

पुलिस ने ऑटो चालक से संपर्क कर उसे कंट्रोल रूम बुलाया। विधिवत सत्यापन के बाद महिला का खोया हुआ बैग उसे सौंप दिया गया। बैग में रखा पूरा सामान और जेवरात सुरक्षित पाकर महिला ने राहत की सांस ली और गुना पुलिस की कार्यशैली व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है। पुलिस ने एक बार फिर साबित किया है कि आमजन की सुरक्षा और सहायता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## रामकथा के छठवें दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**गुना।** शिक्षा विभाग के पीछे स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित भव्य रामकथा के छठवें दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। साध्वी प्रियंका भारती के ओजस्वी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ रही है, भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे शाम होते-होते पूरा परिसर खचाखच भर गया। आकर्षक विद्युत सज्जा और पुष्पों से सजे पंडाल में जय श्रीराम के जयघोष ने पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। कथा के छठवें दिन साध्वी प्रियंका भारती ने भगवान राम और भरत के मिलाप का प्रसंग अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। भाइयों के बीच प्रेम, त्याग और मयार्दा के इस संवाद को सुनकर पंडाल में मौजूद श्रोताओं की आँखें नम हो गईं। साध्वी ने कहा कि रामचरित हमें परिवार और समाज के प्रति कर्तव्यों का बोध कराता है। वर्तमान समय में समाज को राम के आदर्शों को अपनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है, क्योंकि वे आदर्श मानव जीवन के प्रतीक हैं। कथा के दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिरस में डुबो दिया। 'राम नाम की महिमा' और रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों पर महिलाएँ, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। साध्वी ने युवाओं से भारतीय संस्कृति और संस्कारों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर में भी हमारे धार्मिक मूल्य ही समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं।

